सीआरपीएफ समाचार

वर्ष 64 अंक 2 नवम्बर - दिसम्बर, 2017





श्री आर.आर. भटनागर, महानिदेशक के.रि.पु.बल नव प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को के.रि.पु.बल के बारे में जानकारी देते हुए



के.रि.पु.बल के अधिकारीगण एवं नव प्रशिक्षु भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी

मुख्य संरक्षक :
श्री राजीव राय भटनागर, महानिदेशक

संपादकीय सलाहकार मण्डल

अध्यक्ष :
श्री प्रदीप कुमार सिंह,
पुलिस महानिरीक्षिक (आसूचना)

सदस्य : श्री धीरज कुमार, उप महानिरीक्षक (परिचालन–2), श्री एम. धिनाकरण, उप महानिरीक्षक (आसूचना), श्री अरविन्द राय, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण–2), श्री मनोज वर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी (प्रशासन/लेखा)

मुख्य संपादक :
डॉ. जी. सी. दाश
(जन संपर्क अधिकारी)

संपादक :
सत्येन्द्र सिंह (निरीक्षक/हिन्दी अनुवादक)

संपादकीय सहायता :
जितेन्द्र कुमार (उ.नि./आशुलिपिक)
राम कुमार (स.उ.नि./मं.)

चित्र :
जन संपर्क फोटो सेल, महानिदेशालय और सीआरपीएफ यूनिट्स

संपादकीय कार्यालय :
महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
ब्लाक–1, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
दूरभाषः 24360649

महानिदेशक सीआरपीएफ की ओर से मुद्रित और प्रकाशित :
मित्तल एण्टरप्राइजेज, 2076, गोकुलशाह गली, सीताराम बाजार, दिल्ली–06

संसद भवन पर हमले की तिथि को माननीय उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू से श्री आर.आर. भटनागर, महानिदेशक के.रि.पु.बल हाथ मिलाते हुए

इस अंक में

रिपोर्ट

		पृष्ठ संख्या
1.	Salute to Martyrs	2
2.	Tribute to Parliament attack Martyrs	4
3.	CWA Annual Welfare Exhibition 2017	6
4.	CRPF organises Annual Provisioning Conference	11
5.	CRPF Stall :- A Crowd Puller in IITF	12

झलकियाँ

6.	महानिदेशक के दौरे	18
7.	महानिदेशालय के कार्यक्रम	19
8.	विविध कार्यक्रम	20
9.	स्वच्छता पखवाड़ा की झलक	25

न्यूज

10.	Glimpses of Civic Action Programmes in CRPF	13
11.	सिविक एक्शन कार्यक्रम	15
12.	के.रि.पु.बल द्वारा वेल्डिंग प्रशिक्षण	15
13.	Annual Fete "Umang"-2017 at GC Noida	16
14.	CRPF Public School Rohini, Delhi Celebrates Annual Day	17
15.	Achievements	37
16.	Promotions/Repatriation/Appointment/Superannuation	40
17.	A Wam Salute to Martyrs	40

आर्टिकल

18.	स्वच्छ भारत अभियान व स्वच्छता ही सेवा (पी.सी. श्रीवास्तव, कमाण्डेंट, 200 बटालियन)	23
19.	डेंगू के बारे में सब कुछः लक्षण, उपाय और इलाज (डॉ. विपिन कुमार सिंह, चिकित्सा अधिकारी)	26
20.	"If you have dreams, you need a Financial Plan"! (Rajender Singh, AC, 134 Bn)	30
21.	कर्म एवं भाग्य (सत्येन्द्र सिंह, निरीक्षक/हि.अनु.)	32
22.	जैसे संस्कार वैसा जीवन (पुरुषोत्तम, निरीक्षक/मंत्रा.)	33
23.	भारत में अंगदान एवं चुनौतियाँ (राम कुमार, स.उ.नि./मंत्रा.)	35

Medal & Accolades

24.	DG's Disc & Commendation Letter Awardees	41

विविध

25.	**कविता:** नया साल 2018 (अनुपम कुलश्रेष्ठ, भा.पु.से., महानिरीक्षक/संभरण)	22
26.	"My Life, My Horizon"- The Latest Book by Nitu, Released	22

सीआरपीएफ समाचार एक द्विमासिक पत्रिका है। इसमें प्रकाशित किये जाने वाले विचार लेखकों के व्यक्तिगत विचार हैं। विभाग की नीति से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। — मुख्य संपादक

SALUTE TO MARTYRS

Shri Rajeev Rai Bhatnagar, DG, CRPF paid homage to the bravehearts at New Delhi who attained martyrdom on 1st January 2018 in J&K. The martyrs were Ct/GD Sharief-Uddin Ganaie of 185 Bn, R/O- Chandoora, Budgam (J&K), HC/GD Taufail Ahmed of 185 Bn, R/O- Rajouri(J & K) CT/GD Rajendra Nain of QAT (130 Bn), R/O- Churi, Rajasthan and CT/GD P K Panda of QAT(132 Bn), R/O- Sundergarh, Odisha. Shri Sudeep Lakhtakia, Spl. DG(Hqr), Shri Deepak Mishra, Spl. DG (Works) and other senior officer have also paid homage to Martyrs.

Braving the midnight 'Fidayeen' attack, CRPF troops neutralized 03 terrorists in the Lethpora area of Jammu and Kashmir. In the resultant gun battle, CRPF lost four of its brave soldiers. In this incident, Insp/CRY Kuldip Roy of 185 Bn died due to Cardiac Arrest during the operation .



Shri R.R. Bhatnagar, DG CRPF
giving salute to Mortal remains of the Martyr

The terrorists targeted the CRPF camp at Lethpora under the Pulwama district of South Kashmir, which houses the Pre-Induction Training Centre and the 185 battalion headquarters. Their intention was to inflict heavy casualty on the



resting soldiers in the dead of the night. But the alert CRPF troops reacted quickly and cornered the terrorists to a small area where they had to take refuge in a nearby building. In the firing that ensued in the darkness of the night , the vigilant troops of CRPF neutralized two of them in the early encounter, while the remaining one who was hiding himself in the building, was neutralized later on. In the indiscriminate firing resorted to by the terrorists, four CRPF jawans laid down their lives preventing the terrorists from materializing their nefarious design while one Jawan died due to cardiac arrest during the operation.

- 31 दिसम्बर 2017 की रात को 185 बटालियन मुख्यालय लेथपुरा कैम्प पर 03 आत्मघाती आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें 04 जवान हवलदार तौफील अहमद, 185 बटा., सिपाही शरीफुद्दीन गैनी, 185 बटा., सिपाही राजेन्द्र नयन, क्यू.ए.टी., 130 बटा. एवं सिपाही पी.के. पाण्डा, क्यू.ए.टी., 132 बटा. शहीद हो गये। निरीक्षक क्रिप्टो, कुलदीप रॉय, 185 बटा. हृदयघात से मृत्यु को प्राप्त हो गये।
- इनके पार्थिव शरीर को ले जाने के क्रम में नई दिल्ली एयरपोर्ट पर श्री राजीव राय भटनागर, महानिदेशक के.रि.पु.बल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



Shri Sudeep Lakhtakia, SDG (Hqr.), CRPF
giving salute to Mortal remains of the Martyr



Shri Deepak Mishra, SDG (Works), CRPF
giving salute to Mortal remains of the Martyr

MARTYRS



Shaheed Head Constable
Taufail Ahmed, 185 Bn



Shaheed Constable
Sharief-Uddin Ganaie,185 Bn



Shaheed Constable
Rajendra Nain, QAT, 130 Bn



Shaheed Constable
P K Panda, QAT, 132 Bn

Natural Death



Insp/CRY
Kuldip Roy, 185 Bn
died due to Heart Attack

Tribute to Parliament attack Martyrs

On the 16th attack date of Parliament, the top dignitaries Sh. Venkaiah Naidu, Hon'ble Vice President, Sh. Narendra Modi, Hon'ble Prime Minister, Smt. Sumitra Mahajan, Hon'ble Lok Sabha Speaker, Dr. Manmohan Singh, Ex-Prime Minister, Sh. Rajnath Singh, Hon'ble Home Minister and Shri Rajeev Rai Bhatnagar, DG CRPF paid homage to the Martyrs of Parliament attack on 13th December, 2017. On this occasion, a blood donation camp was also organised in the premises of the Parliament.

The terrorists attacked the Parliament House on 13th December, 2001, but the troops of the brave CRPF had successfully foiled the attack. In exchange of fire, all the five militants were eliminated. Constable (Mahila) Kamlesh Kumari sacrificed her life during the incident. She was awarded the highest peacetime Gallantry Award "Ashok Chakra" posthumously, for her exemplary bravery,





Hon'ble Vice President Shri Venkaiah Naidu paying homage to martyrs of Parliament Attack



Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi paying homage to martyrs of Parliament Attack



Hon'ble Lok Sabha Speaker Smt. Sumitra Mahajan paying homage to martyrs of Parliament Attack



Hon'ble Ex Prime Minister Dr. Manmohan Singh paying homage to martyrs of Parliament Attack



Hon'ble Home Minister Shri Rajnath Singh
paying homage to martyrs of Parliament Attack



Shri Rajeev Rai Bhatnagar, DG CRPF
paying homage to martyrs of Parliament Attack



CRPF personnel donating blood at Parliament House in the presence of
Hon'ble Vice President Shri Venkaiah Naidu on 13th December 2017

- 13 दिसम्बर 2001 को संसद भवन पर आतंकियों ने हमला कर दिया था, जिसमें हमारी सिपाही/महिला कमलेश कुमारी शहीद हो गई थी।
- प्रत्येक 13 दिसम्बर को हमले में शहीद कार्मिकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस वर्ष भी इन्हें श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें माननीय उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, माननीय भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, माननीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं श्री राजीव राय भटनागर, महानिदेशक के.रि.पु.बल ने भाग लिया।

CWA Annual Welfare Exhibition 2017



The CRPF Family Welfare Association (CWA)- the extended family of the Central Reserve Police Force rolled out its three days long exhibition and fair on 10th November, 2017 in the SDG Ground amidst the gracious presence of the First Lady Smt. Savita Kovind. The entire CWA Family led by Dr. Manu Bhatnagar was there to celebrate the First Lady cutting the ribbon thereby gesturing the colorful start of the Exhibition.

Smt. Savita Kovind, the Chief Guest of the occasion was gracefully welcomed into the Exhibition ground by Sh. Rajeev Rai Bhatnagar, DG, CRPF, Dr. Manu Bhatnagar, President CWA, top serving and retired officials of the CRPF and office bearers/members of CWA, where she paid floral tribute to the martyrs at the designated place. The inaugural meeting, presided over by Dr. Manu Bhatnagar, President CWA was graced by Smt. Savita Kovind as Chief Guest and by Smt Aruni Doval as Guest of Honour, was held amidst a simple but somber ambience that was packed to its capacity. The stage was also shared by other CWA dignitaries Smt. Shalu Lakhtakia, Vice President, Smt. Pratima Srivastav, Smt. Preeti Anand and Smt. Rupinder Kaur.



- प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी के.रि.पु. बल परिवार कल्याण संस्था द्वारा हर्षोल्लास के साथ वार्षिक प्रदर्शनी (मेला) 2017 का आयोजन किया गया।
- इस वर्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत की प्रथम महिला श्रीमती सविता कोविन्द द्वारा किया गया।
- इस प्रदर्शनी में श्रीमती सावित्री सिंह पत्नी श्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री ने भी भ्रमण किया।
- मेले का आकर्षण सभी ग्रुप केन्द्र से लाई गई विभिन्न वस्तुएं रहीं।
- प्रदर्शनी का समापन के.रि.पु.बल के महानिदेशक श्री राजीव राय भटनागर द्वारा किया गया।

The brief inaugural ceremony witnessed the chief guest Smt. Kovind lighting the lamp and offering wheel chairs to four 'divyang' (differently-able) children of CRPF families, as a gesture of generosity - a hall mark of CWA. On the occasion, a music CD produced by CWA was released and the best lady workers of CWA namely Smt. Sulochana Devi and Smt. Mehroj Nisa were honoured by the chief guest.

The chief attraction was the slice of culture, couture and cuisine that bear a Pan Indian colour. Near about 40 stalls that stood on the exhibition ground held out the promise of catering to every taste and taste buds.

On 2nd day of CRPF Mela, the evening session was graced by the Chief Guest Smt. Savitri Singh, spouse of Union Home Minister Sh. Rajnath Singh. She paid floral tribute to the Martyrs at the designated place.



Speaking at the meeting chaired by Dr. Manu Bhatnagar, President CWA, Smt. Singh underlined the dissemination of cross cultural behavior and practices that is effectively undertaken by such exhibition.

She said that occasion such as this does project the image of a New India, by offering an opportunity for the display of the rich and variegated culture of India. She eulogized the effort of CWA in organizing such Exhibition and sharing the pecuniary proceeds of the Mela for the overall welfare of the Families of the CRPF. The meeting was attended by top CWA office bearers and functionaries.

On the occasion, the Chief Guest Smt. Savitri Singh gave away prizes in different categories to the CWA units and functionaries. While Group Centre Lucknow received the first prize for the best CWA products, GC Noida and GC Delhi came second and third respectively. Similarly the Chief Guest gave away the Best Documentary prizes to J&K Zone, GC Agartala and GC Neemuch respectively. She also awarded trophies to three women personnel of CRPF for their spectacular performance in bike demo. Incidentally all the three, namely Sangita Mishra, Mina Chowdhury and Suman Yadav are Limca Book record holders in the concerned field.

The meeting was preceded and succeeded by colourful cultural performances which regaled the hearts of the spectators who were in their thousands.

The three days long CWA Exhibition-cum-Fair witnessed large footfalls as much on the ground as in near about 40 stalls that were arrayed aesthetically across the exhibition ground.

Prize Distribution

Best CWA Products



1st prize for Best CWA products to GC Lucknow



2 nd prize for Best CWA products to GC Noida



3rd prize for Best CWA products to GC Delhi

Best Documentary Prize



1st prize for Best Documentary to J&K Zone



2 nd prize for Best Documentary to GC Agartala



3rd prize for Best Documentary to GC Neemuch

Best Spectacular Performance in Bike Demo



1st prize for Bike Demo to Ms. Sangita Mishra



2 nd prize for Bike Demo to Ms. Mina Chowdhury



3rd prize for Bike Demo to Ms. Suman Yadav

The CRPF Annual Welfare Exhibition – 2017 came to a colorful end on 12th November, 2017. The 03 days Mela organized by CRPF Family Welfare Association (CWA) at the old JNU Campus, New Delhi. It attracted a large number of enthusiastic visitors and spectators. The valedictory function that was held on 12th November, 2017 was attended as chief guest by Shri Rajeev Rai Bhatnagar, DG, CRPF.



The concluding ceremony witnessed the giving away of different prizes to the various CRPF Units across the country by the Chief Guest. The Group Centre Lucknow was adjudged the best FWC and secured the 1st position and GC Banglore secured 2nd position. GC Srinagar bagged 1st position and GC Pinjore bagged 2nd position for best stall for overall sale. Besides, DG also distributed special prizes to the students who had secured 10 CGPA in the 10th standard exam. DG, the chief guest also launched a mobile Apps for the redressal of grievances of the personnel of CRPF.

The exhibition cum fair did attract a large number of footfall. All the three evenings at the Mela ground reverberated with different cultural shows, that had been drawn from different parts of the country. The closing function had the performance of Shri Lakhvinder Singh, Sufi Singer. The entire exercise was conducted under the able inspiration and guidance of Dr. Manu Bhatnagar, President, CRPF Family Welfare Association . The office bearers of CWA alongwith the entire CRPF families took avid interest to make this 03 days event a grand success.





Prize Distribution

Best FWC Prize



1st prize for FWC to GC Lucknow



2nd prize for FWC to GC Bangalore

Best Stall Prize



1st prize for Stall to GC Srinagar



2nd prize for Stall to GC Pinjore

Special Prizes to Students who secured 10 CGPA in 10th standard







CRPF organises Annual Provisioning Conference



CRPF has been at the fore front of all the internal security challenges being faced by the country today. This requires the induction of new technology and new ideas to tackle these multiple challenges. Addressing the senior officers of the CRPF in the annual conference on 'provisioning' in New Delhi on 26th December 2017, Rajeev Rai Bhatnagar, Director General said that moving with the times and that too with the right speed is the need of the hour to achieve the objectives behind the existence of CRPF. He called upon the officers to add value to whatever they do, so that it makes a difference to the jawans on the ground and to the operational efficiency of the Force. He advised the officers to take care of the need of modernization in every aspect of provisioning which includes medical, communication, surveillance, mobility and protective equipments. Admonishing the officers, Sh. Rai called upon them to think out of the box and play a proactive role that would bring about capacity addition to the force.



The three days annual exercise that began on 26th December, 2017 were attended by senior officers of the Force from all over the country to brainstorm on different logistical aspects with the intent of adding more teeth to its operational efficiency.

CRPF Stall:- A Crowd Puller in IITF

CRPF attracted a large number of visitors in the India International Trade Fair at Pragati Maidan w.e.f. 14th November to 27th November 2017. Be it the awe-inspiring weaponry or the thrill of bravery of CRPF soldiers or the pride of sacrifice for the Nation or for that matter the breezy music of CRPF band- all had been rolled into the spacious stall that CRPF had erected on the ground. Even as the visitors were enthused to share the glorious history of CRPF since 1939 as depicted in the pavilion, some were eager to reach out to the fully equipped CoBRA commando for a selfie to have a feel of that extra zing.



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में महानिदेशालय के परिचालन शाखा द्वारा हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें के.रि.पु.बल के विभिन्न सूचनाओं को दिखाया गया।

Almost all aspects of CRPF were recreated inside the stall to give the visitors a firsthand brush with all that this valiant Force stands for. The special weaponry that the CoBRA commandoes use in the LWE and insurgency-hit areas and the state-of-the art equipments that the RAF jawans use for crowd dispersal during riot or riot-like situations that were on display, were enough to instill a sense of security among the visitors. Also on display were the depiction of the unmatched bravery of Commandant Chetan Cheetah, Kirti Chakra awardee, who could withstand as many as 9 lethal bullets in a gun-fight with LeT militants in Kashmir, of Sh P R Mishra, seven times gallantry award winner, of Mr. Yumnam Barun, Mr. Asia, 2016 and of Ms. Pooja Kadian, World Wushu Champion, 2017—all these and more were there to strike an instant chord with the guests in the pavilion.

In short, the CRPF stall had at least something special to offer to one and all. Besides the ubiquitous ideal of patriotism that dominated the stall, it had the stories of valour for the youths, the array of sophisticated weaponry for the brave hearts, selfie with the commandoes for the fashionables, praiseworthy social initiatives of the CRPF Family Welfare Association, CWA, for the socialites, illustrated story books for the children and of course, the display of the skill and bravery of the canine squad of CRPF for the animal lovers. All these varied experiences that the visitors were served inside the stall, were also gracefully garnished with mystifying music of the famed CRPF band. Little wonder then, the CRPF stall, which had all the essentials of being a show-stopper in the IITF 2017 had enjoyed ever larger footfalls with every passing day of the fair.



Glimpses of Civic Action Programmes in CRPF



Mega Health Camp in 47 Bn, CRPF



Medical Camp by 120 Bn, CRPF



Blood donation camp in 47 Bn, CRPF



Medical Camp by 170 Bn, CRPF



Distribution of Sports Items by 128 Bn, CRPF



Distribution of Sports Items by 120 Bn, CRPF



Providing of Drinking water facility by 129 Bn, CRPF



Providing of Urinal in the Hadirhat Dharamshala High School by 48 Bn, CRPF



Distribution of various items by 128 Bn, CRPF



Distribution of Water storage tank by 120 Bn, CRPF



Distribution of Cloth Items by 85 Bn, CRPF



Repairing and renovation of Community Hall by 128 Bn, CRPF.

सिविक एक्शन कार्यक्रम

के.रि.पु.बल 26 बटालियन के कमाण्डेंट श्री अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर ए/26 बटालियन रहावन कैम्प के कम्पनी कमाण्डर श्री सिद्वार्थ कुमार गौतम ने झुमरा पहाड के तलहटी पर बसे अति नक्सल प्रभावित रामगढ़ जिले के लईयो उतरी पंचायत के लुगू बाबा स्टेडियम में खेल संसाधन वितरण शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर लईयो उतरी पंचायत की मुखिया बिंदू देवी की उपस्थिति में क्षेत्र के खिलाडियों के बीच खेल संसाधन क्रिकेट बैट, बॉल, स्टम्प, फुटबॉल जर्सी, जूते इत्यादि का वितरण किया। इस मौके पर क्षेत्र के इचाकडी पंचायत, लईयो उतरी पंचायत, लईयो दक्षिणी पंचायत, पचमों पंचायत और तिलैया पंचायत की कुल 10 टीमों के खिलाडियों के बीच फुटबाल किट वितरण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रहावन ओ.पी प्रभारी राधेश्याम राम, विश्वनाथ महतो, मनोज रजवार, बामेश्वर कुमार सहित दर्जनों खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद थे। 26 बटालियन समय–समय पर अपने तैनाती के इलाके में स्थित दूर–दराज के गाँवो में पिछडे तबकों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की सामग्री का वितरण करती रही है।



के.रि.पु.बल द्वारा वेल्डिंग प्रशिक्षण



159 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, गया (बिहार) के सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आई0टी0आई0 परिसर गया, बिहार में वेल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन श्री प्रमोद कुमार सिंह कमांडेन्ट, श्री संजय त्रिपाठी द्वितीय कमान अधिकारी, श्री मोतीलाल उपकमाडेंट व आई0टी0आई0 के प्राचार्य राजकुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण में जिले के चकरबंधा, सेवरा, लुटुवा, इमामगंज, सलैया सहित अन्य नक्सल ग्रस्त क्षेत्रों के युवा शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए कमांडेन्ट महोदय ने कहा कि कौशल विकास के तहत आयोजित वेल्डिंग प्रशिक्षण प्रोग्राम युवाओ में रोजगार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि सी0आर0पी0एफ0 देश की आन्तरिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और अपने कर्तव्य पालन के लिए सर्वोच्च बलिदान करने को हर वक्त तैयार है। हमें ग्रामिणों के सहयोग की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र मे अमन चैन और विकास का माहौल मजबूत हो सके। सी0आर0पी0एफ0 सुरक्षा व ऑपरेशन करने के साथ–साथ सकारात्मक कार्य जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवाओ एवं महिलाओ को स्वरोजगार से जोड़ना। नक्सल, समाज के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए शिक्षा देना और रोजगार मुहैया कराना जरूरी है। सी0आर0पी0एफ0 द्वारा किए गए इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए आई0टी0आई0 के प्राचार्य ने कहा कि यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिससे आने वाले दिनों में नौकरी के अवसर मिलेंगे।

Annual Fete "Umang"-2017 at GC Noida

Annual fete "Umang-2017" was organised by Group Centre, Greater Noida in association with President Regional Family Welfare Association. Chief Guest, Dr. Manu Bhatnagar, President CRPF Family Welfare Association inaugurated the fete on 22nd November, 2017 in a grand function there. Besides different



stalls, free health check up camps by Jaypee, Felix, Yatharth, Sharda and Prayag Hospital were also organized where large number of local public were examined and medicines were distributed. NGO Sahyog Care, Sharda Institute, Dribbling Academy, DPS and Noida Public School and students of North East States presented X'mas carols, Nukkad Natak and colourful cultural programme, which were the highlights of the fete.

Dr. Manu Bhatnagar also released 3rd edition of annual house journal "Umang" and "Hawks" besides a documentary on VIP Security and training centre. Families of martyrs were presented souvenir and shawls during the function. Best worker and selected personnel of GC Greater Noida who were trained by the local branch of SBI in digital transaction during 2016 were felicitated on the occasion. Educational institutions like Dronacharya Group of Institution and Innovative Law Collage also announced priority and certain discounts for the wards of CRPF personnel in the Fete. Various products of Arts and Crafts produced by Regional Welfare Centre of Greater Noida due to declaration of best Group Centre, was also displayed in the stall. The Chief Guest highly praised the efficiency and skills of regional welfare centre and congratulated workers for their success.

On this occasion Sh. S.N. Shrivastava, IPS, Spl. DG, J&K Zone, Smt. Pratima Shrivastava, President CFWA, J&K Zone, Sh. D.S. Chauhan, IPS, IGP Northern Sector, Sh. Sunil Joon, DIGP, GC Noida, Smt. Babita Joon, President RCWA, Senior Officers & personnel and their families were present.



CRPF Public School Rohini, Delhi Celebrates Annual Day

Students must acquire new skills in today's changing environment, thereby they can contribute their best to the society. This was stated by the Chief Guest Shri Rajeev Rai Bhatnagar, DG CRPF at the Annual Day function of CRPF Public school, Rohini 24th November 2017.

Addressing the teachers and students, Chief Guest said that the schools must produce a product that is well grounded. He called upon the parents to contribute their might so as to build the future of their children who could contribute not only to their family, but also to the society and the country as a whole.

Shri Rajeev Rai Bhatnagar congratulated the school for its praiseworthy performance in academics as well as in sports.

Principal Mrs. Nidhi Chaudhary, presented the school report highlighting the achievements of students. The function was also attended by Dr. Manu Bhatnagar, CWWA, Shri Arun Kumar, IG(Adm)-cum-chairman, school managing committee, Mrs. Rekha Lohani, IPS, IG(Works) and other CRPF officers. On the occasion, the students presented musical and other cultural performances.





महानिदेशक के दौरे

183 बटालियन, दिनांक 23.11.2017





180 बटालियन, दिनांक 23.11.2017



कश्मीर सैक्टर, दिनांक 23.11.2017



झारखंड सैक्टर, रांची (झारखंड), दिनांक 27-28.11.2017





महानिदेशालय के कार्यक्रम

संविधान शपथ, दिनांक 27.11.2017









एड्स दिवस शपथ, दिनांक 01.12.2017





विविध कार्यक्रम

मेडिकल हैल्थ कैम्प, 01 बेतार वाहिनी



राज्य स्तरीय पोलो टूर्नामेन्ट, ग्रु.के. इम्फाल



एड्स दिवस कार्यक्रम, ग्रुप केन्द्र-1, अजमेर



एड्स दिवस कार्यक्रम, 167 बटालियन, कोलकाता



10वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रुप केन्द्र, नागपुर





विविध कार्यक्रम

सर्तकता जागरुकता सप्ताह समारोह

160 बटालियन, जम्मू (जम्मू -कश्मीर)



37 बटालियन, गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)



178 बटालियन, बुद गाँव (जम्मू -कश्मीर)



ग्रुप केन्द्र, सोनीपत (हरियाणा)



पश्चिमी सैक्टर मुख्यालय, मुम्बई



ग्रुप केन्द्र, नागपुर (महाराष्ट्र)



कविता

नया साल 2018



अनुपम कुलश्रेष्ठ, भा.पु.से.
महानिरीक्षक, (संभरण)
महानिदेशालय

एक साल गुजरा, और उम्र बढ़ी,
नियति की नित सोपान खुली।

ऐ वक्त तू थमा नहीं,
इस साल भी तू चलता रहा राही।

बादल आए गए, घने,
कुछ बरसे, कुछ चले गए।

रोशन रहा जहाँ तेरे ही दम से,
ऐ समय किधर न जा सकूँ बिन तेरे मन से।

हकीकत से रहा मिलन,
नित नित चला यह कदम।

रुह को छू लेता है तू–
अपने सुनहरे लम्हों की सी धूप।

यादों की बारात, स्मृतियों की बरसात,
ठहर जा, जी लेने दे सासों की अकशार।

यों रुबरु हों हर क्षण से,
अहसास ले सकूँ, पूरे मन से।

ख्वाब बुनता, सोच मुदस्सिर,
ले आता वक्त नया साल फिर।

इंतजार है 2018 तेरा,
'हर्षित' कर देना जहान सारा।

नववर्ष की शुभकामनायें

"My Life, My Horizon"- The Latest Book by Nitu, Released

Strong will-power and determination are becoming the hall-marks of women in a New India. The real life stories of as many as eight such women struggling to bring about the desired change in the hinterland are deftly crafted into the pages of "My Life, My Horizon" –the latest book authored by Ms. Nitu, DIG, CRPF, working in Jammu & Kashmir. The book has tried to trace the contours of the silent revolution that such women are raising in diverse areas of the country.

The book, published by the National Book Trust on 26th November 2017 formed the backdrop of a panel discussion on "women in conflict areas" hosted by Times of India's Litfest at the India Habitat Centre. The occasion was graced by Sh. Rajeev Rai Bhatnagar, DG, CRPF and Dr. Manu Bhatnagar.

Ms. Nitu's earlier books like "Resurrection" (Translated into Chinese) & "Half Life" (Displayed at the International Book Fairs in London, Abu Dhabi & Colombo) have already made their mark in the literary world.



स्वच्छ भारत अभियान व स्वच्छता ही सेवा



पी.सी. श्रीवास्तव
कमाण्डेंट, 200 बटालियन

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भारत की स्वतंत्रता से पहले अपने समय के दौरान "स्वच्छता आजादी से अधिक महत्वपूर्ण है'' कहा था, उन्होंने भारत के लोगों को साफ सफाई और स्वच्छता के बारे में और दैनिक जीवन में इसे शामिल करने पर बहुत जोर दिया था, लेकिन लोगों की इसमें कम रुचि होने के कारण यह असफल रहा।

स्वच्छ भारत अभियान भारत को गन्दगी रहित बनाने की एक ऐसी मुहीम और अभियान है, जो राष्ट्रीय आन्दोलन के रूप में भारत सरकार द्वारा देश के 4041 सर्वाधिक नगरों की आधारभूत संरचना, सड़कें और पैदल मार्ग की साफ सफाई का लक्ष्य कर आरंभ किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारिक रूप से इसकी



शुरुआत 02 अक्टूबर, 2014 को गाँधी जयंती के दिन नई दिल्ली के राजघाट पर किया। इस सफाई में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ 30 लाख सरकारी कर्मचारियों के साथ स्कूल–कॉलेजों के बच्चों, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ अन्य सैनिक बल तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

स्वच्छ भारत अभियान का लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे सभी को स्वास्थ्यप्रद शौचालय प्रदान करना, बेकार शौचालयों को अल्प लागत पर स्वास्थ्यप्रद शौचालयों में बदलना, हैण्ड पम्प उपलब्ध कर सुरक्षित स्नान करना, स्वच्छता सम्बन्धी बाजार है। निकास नाली ठोस और द्रव कचरे की उचित व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ के प्रति जागरूकता, घरेलु और पर्यावरण संबंधी सफाई व्यवस्था तथा खुले में शौच को रोकना आदि है। इस अभियान को 2019 तक भारत को "एक स्वच्छ भारत'' बनाना है, जो की 2 अक्टूबर, 2019 को महात्मा गाँधी की 150 वीं जयंती होगी।

इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने 15 सितम्बर 2017 को उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के ईश्वरगंज गाँव से 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान "स्वच्छता ही सेवा" की शुरुआत की। इस स्वच्छ भारत अभियान को जन आन्दोलन बनाने के लिए पूरे देश में स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न पहलें शुरू की गयी है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ मिलकर बढ़–चढ़ कर आगे आकर सफाई और शौचालयों के निर्माण तथा अपने पर्यावरण को खुले में शौच से मुक्त करने के लिये श्रमदान किया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को एक जुट करना और स्वच्छता के लिये जन आन्दोलन पर जोर देना है। इस अभियान के तहत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के विभिन्न हिस्सों में इस स्वच्छता अभियान को और आगे बढ़ाने एवं सुदृढ़ करने में अहम् भूमिका निभाई है।

इस अभियान के लगभग तीन साल पूर्ण हो चुके हैं और इस अभियान की प्रगति सराहनीय है। अभियान की शुरुआत में ग्रामीण स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत से बढ़कर

68 प्रतिशत के मौजूदा आंकड़ों पर पहुँच गया है। ग्रामीण भारत के 23 करोड़ से अधिक लोगो ने खुले में शौच की प्रथा को तिलांजलि दे दी है। 193 जिलों और पूरे देश के लगभग दो लाख पैंतीस हजार गाँवो को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है। पाँच राज्य सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, केरल, हरियाणा और उत्तराखंड खुले में शौच से मुक्त राज्य बन गए हैं। स्वच्छ आयनिक प्लेस और स्वच्छ कार्य योजनायें भी शुरु की गयी है, जिसमें ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के 20 प्रतिष्ठित स्थानों की पहचान की है और उन्हें "आईलैंड ऑफ एक्सीलेंस" बनाने का काम तेजी से चल रहा है। यह ऐसा स्वर्ण मानक है जो अन्य स्थानों को भी प्रोत्साहित कर रहा है।



महात्मा गाँधी कहते हैं "ग्राम उद्धार में सफाई अगर न आवे तो हमारे गाँव कचरे के घूरे जैसे ही रहेंगे"। ग्राम सफाई का सवाल प्रजा के जीवन का अविभाज्य अंग है। यह प्रश्न जितना आवश्यक है, उतना ही कठिन भी है। दीर्घकाल से जिस अस्वच्छता की आदत हमें पड़ गई है, उसे दूर करने के लिए महान पराक्रम की आवश्यकता है। जो सेवक ग्राम सफाई का शास्त्र नहीं जानता, खुद सफाई का काम नहीं करता, वह ग्राम सेवक के लायक नहीं बन सकता।

गाँव की चिंता के साथ–साथ गाँधीजी शहरों की गंदगी से भी चिंतित थे। उन्होंने शहरों की सफाई के संदर्भ में कहा था" पश्चिम से हम एक चीज जरूर सीख सकते हैं और हमें सीखना चाहिए वह है शहरों की सफाई का शास्त्र। पश्चिम के लोगों ने सामुदायिक आरोग्य और सफाई को एक शास्त्र ही तैयार कर लिया है, जिससे हमें बहुत कुछ सीखना है, बेशक सफाई की पश्चिम पद्धति को हम अपनी आवश्यकताओं के अनुसार बदल सकते हैं।

इस स्वच्छता अभियान के तहत सबसे बड़ी बाधा ये आ रही है कि अभियान के उपरांत कचरों का निस्तारण कैसे हो। सरकार तथा निजी संस्थान इस विषय पर पूरे जोर–सोर से कार्य कर रही है और बहुत जल्द कचरा निस्तारण का विकल्प सभी के सामने होगा। इसके अलावा बहुत सी बाधायें जग–जाहिर है, जिसके निस्तारण के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग सरकार को अपेक्षित है और प्राप्त भी हो रहा है।

2019 तक भारत को स्वच्छ और हरा–भरा बनाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान एक बहुत ही क्रांतिकारी मिशन है, यह सिर्फ भारत की एक स्वच्छ व स्वस्थ्य देश का निर्माण ही नहीं कर रहा है, बल्कि पूरे भारत को एक गुट में बांध कर एक नव–भारत का आह्वान कर रहा है। जैसा कि महात्मा गाँधी ने कहा "भगवान के प्रेम के बाद महत्व की दृष्टि से दूसरा स्थान स्वच्छता से प्रेम का ही है''। जिस तरह हमारा मन मलिन हो, तो भगवान का प्रेम सम्पादित नहीं कर सकते, उसी तरह हमारा शरीर मलिन हो, तो हम उसका आशीर्वाद नहीं पा सकते।'''



स्वच्छता पखवाड़ा की झलक



डेंगू के बारे में सब कुछ : लक्षण, उपाय और इलाज



डॉ. विपिन कुमार सिंह
चिकित्सा अधिकारी
(चिकित्सा महानिदेशालय)



कैसे और कब होता है डेंगू

डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। इन मच्छरों के शरीर पर चीते जैसी धारियां होती हैं। ये मच्छर दिन में, खासकर सुबह काटते हैं। डेंगू बरसात के मौसम और उसके फौरन बाद के महीनों यानी जुलाई से अक्टूबर में सबसे ज्यादा फैलता है क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। एडीज इजिप्टी मच्छर बहुत ऊंचाई तक नहीं उड़ पाता।

कैसे फैलता है

डेंगू बुखार से पीड़ित मरीज के खून में डेंगू वायरस बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। जब कोई एडीज मच्छर डेंगू के किसी मरीज को काटता है तो वह उस मरीज का खून चूसता है। खून के साथ डेंगू वायरस भी मच्छर के शरीर में चला जाता है। जब डेंगू वायरस वाला वह मच्छर किसी और इंसान को काटता है तो उससे वह वायरस उस इंसान के शरीर में पहुंच जाता है, जिससे वह डेंगू वायरस से पीड़ित हो जाता है।

कब दिखती है बीमारी

काटे जाने के करीब 3–5 दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखने लगते हैं। शरीर में बीमारी पनपने की मियाद 3 से 10 दिनों की भी हो सकती है।

कितने तरह का होता है डेंगू

यह तीन तरह का होता है

1. क्लासिकल (साधारण) डेंगू बुखार

2. डेंगू हैमरेजिक बुखार (DHF)

3. डेंगू शॉक सिंड्रोम (DSS)

इन तीनों में से दूसरे और तीसरे तरह का डेंगू सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। साधारण डेंगू बुखार अपने आप ठीक हो जाता है और इससे जान जाने का खतरा नहीं होता लेकिन अगर किसी को DHF या DSS है और उसका फौरन इलाज शुरू नहीं किया जाता तो जान जा सकती है। इसलिए यह पहचानना सबसे जरूरी है कि बुखार साधारण डेंगू है, DHF है या DSS है।

लक्षण क्या–क्या

साधारण डेंगू बुखार

- ठंड लगने के बाद अचानक तेज बुखार चढ़ना।
- सिर, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना।
- आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना, जो आंखों को दबाने या हिलाने से और बढ़ जाता है।
- बहुत ज्यादा कमजोरी लगना, भूख न लगना और जी मिचलाना और मुंह का स्वाद खराब होना।
- गले में हल्का–सा दर्द होना।
- शरीर खासकर चेहरे, गर्दन और छाती पर लाल–गुलाबी रंग के रैशेज होना।
- क्लासिकल साधारण डेंगू बुखार करीब 5 से 7 दिन तक रहता है और मरीज ठीक हो जाता है। ज्यादातर मामलों में इसी किस्म का डेंगू बुखार होता है।

डेंगू हैमरेजिक बुखार (DHF)

- नाक और मसूढ़ों से खून आना।
- शौच या उल्टी में खून आना।



- स्किन पर गहरे नीले–काले रंग के छोटे या बड़े चिकत्ते पड़ जाना।
- अगर क्लासिकल साधारण डेंगू बुखार के लक्षणों के साथ–साथ ये लक्षण भी दिखाई दें तो वह "BAALu हो सकता है। ब्लड टेस्ट से इसका पता लग सकता है।

डेंगू शॉक सिंड्रोम (DSS)


इस बुखार में DHF के लक्षणों के साथ–साथ 'शॉक' की अवस्था के भी कुछ लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे :

- मरीज बहुत बेचौन हो जाता है और तेज बुखार के बावजूद उसकी स्किन ठंडी महसूस होती है।
- मरीज धीरे–धीरे होश खोने लगता है।
- मरीज की नाड़ी कभी तेज और कभी धीरे चलने लगती है। उसका ब्लड प्रेशर एकदम लो हो जाता है।

नोट : डेंगू से कई बार मल्टी ऑर्गन फेल्योर भी हो जाता है। इसमें सेल्स के अंदर मौजूद फ्लूइड बाहर निकल जाता है। पेट के अंदर पानी जमा हो जाता है। लंग्स और लिवर पर बुरा असर पड़ता है और ये काम करना बंद कर देते हैं।

कौन–से टेस्ट

अगर तेज बुखार हो, जॉइंट्स में तेज दर्द हो या शरीर पर रैशेज हों तो पहले दिन ही डेंगू का टेस्ट करा लेना चाहिए। अगर लक्षण नहीं हैं, पर तेज बुखार बना रहता है तो भी एक–दो दिन के इंतजार के बाद फिजिशियन के पास जरूर जाएं। शक होने पर डॉक्टर डेंगू की जांच कराएगा। डेंगू की जांच के लिए शुरुआत में एंटीजन ब्लड टेस्ट (एनएस 1) किया जाता है। इस टेस्ट में डेंगू शुरू में ज्यादा पॉजिटिव आता है, जबकि बाद में धीरे–धीरे पॉजिविटी कम होने लगती है। यह टेस्ट करीब 1000 से 1500 रुपये में होता है। अगर तीन–चार दिन के बाद टेस्ट कराते हैं तो एंटीबॉडी टेस्ट (डेंगू सिरॉलजी) कराना बेहतर है। इसके लिए 600 से 1500 रुपये लिए जाते हैं। डेंगू की जांच कराते हुए वाइट ब्लड सेल्स का टोटल काउंट और अलग–अलग काउंट करा लेना चाहिए।



इस टेस्ट में प्लेटलेट्स की संख्या पता चल जाती है। डेंगू के टेस्ट ज्यादातर सभी अस्पतालों और लैब्स में हो जाते हैं। टेस्ट की रिपोर्ट 24 घंटे में आ जाती है। अच्छी लैब्स तो दो–तीन घंटे में भी रिपोर्ट दे देती हैं। ये टेस्ट खाली या भरे पेट, कैसे भी कराए जा सकते हैं।

प्लेटलेट्स की भूमिका

आमतौर पर तंदुरुस्त आदमी के शरीर में डेढ़ से दो लाख प्लेटलेट्स होते हैं। प्लेटलेट्स बॉडी की ब्लीडिंग रोकने का काम करती हैं। अगर प्लेटलेट्स एक लाख से कम हो जाएं तो उसकी वजह डेंगू हो सकता है। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि जिसे डेंगू हो, उसकी प्लेटलेट्स नीचे ही जाएं। प्लेटलेट्स अगर एक लाख से कम हैं तो मरीज को फौरन हॉस्पिटल में भर्ती कराना चाहिए। अगर प्लेटलेट्स गिरकर 20 हजार तक या उससे नीचे पहुंच जाएं तो प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। 40–50 हजार प्लेटलेट्स तक ब्लीडिंग नहीं होती। डेंगू का वायरस आमतौर पर प्लेटलेट्स कम कर देता है, जिससे बॉडी में ब्लीडिंग शुरू हो जाती है। अगर प्लेटलेट्स तेजी से गिर रहे हैं, मसलन सुबह एक लाख थे और दोपहर तक 50–60 हजार हो गए तो शाम तक गिरकर 20 हजार पर पहुंच सकते हैं। ऐसे में डॉक्टर प्लेटलेट्स का इंतजाम करने लगते हैं ताकि जरूरत पड़ते ही मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाए जा सकें। प्लेटलेट्स निकालने में तीन–चार घंटे लगते हैं।

बच्चों में खतरा ज्यादा

बच्चों का इम्युन सिस्टम ज्यादा कमजोर होता है और वे खुले में ज्यादा रहते हैं इसलिए उनके प्रति सचेत होने की ज्यादा जरूरत है। पैरंट्स ध्यान दें कि बच्चे घर से बाहर पूरे कपड़े पहनकर जाएं। जहां खेलते हों, वहां आसपास गंदा पानी न जमा हो। स्कूल प्रशासन इस बात का ध्यान रखे कि स्कूलों में मच्छर न पनप पाएं। बहुत छोटे बच्चे खुलकर बीमारी के बारे में बता भी नहीं पाते इसलिए अगर बच्चा बहुत ज्यादा रो रहा हो, लगातार सोए जा रहा हो, बेचौन हो, उसे तेज बुखार हो, शरीर पर रैशेज हों, उलटी हो या इनमें से कोई भी लक्षण हो तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं। बच्चों को डेंगू हो तो उन्हें अस्पताल में रखकर ही इलाज कराना चाहिए क्योंकि बच्चों में प्लेटलेट्स जल्दी गिरते हैं और उनमें डीहाइड्रेशन (पानी की कमी) भी जल्दी होता है।

किस डॉक्टर को दिखाएं

डेंगू होने पर किसी अच्छे फिजिशियन के पास जाना चाहिए। बच्चों में डेंगू के लक्षण नजर आएं तो उसे पीडिअट्रिशन के पास ले जाएं।

इलाज

- अगर मरीज को साधारण डेंगू बुखार है तो उसका इलाज व देखभाल घर पर की जा सकती है।
- डॉक्टर की सलाह लेकर पैरासिटामोल (क्रोसिन आदि) ले सकते हैं।
- एस्प्रिन (डिस्प्रिन आदि) बिल्कुल न लें। इनसे प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं।
- अगर बुखार 102 डिग्री फॉरेनहाइट से ज्यादा है तो मरीज के शरीर पर पानी की पट्टियां रखें।
- सामान्य रूप से खाना देना जारी रखें। बुखार की हालत में शरीर को और ज्यादा खाने की जरूरत होती है।
- मरीज को आराम करने दें।

मरीज में DSS या DHF का एक भी लक्षण दिखाई दे तो उसे जल्दी–से–जल्दी डॉक्टर के पास ले जाएं। DSS और DHF बुखार में प्लेटलेट्स कम हो जाती हैं, जिससे शरीर के जरूरी हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। डेंगू बुखार के हर मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं होती, सिर्फ डेंगू हैमरेजिक और डेंगू शॉक सिंड्रोम बुखार में ही जरूरत पड़ने पर प्लेटलेट्स चढ़ाई जाती हैं। अगर सही समय पर इलाज शुरू कर दिया जाए तो DSS और DHF का पूरा इलाज मुमकिन है।

एलोपैथी

इसकी दवाई लक्षण देखकर और प्लेटलेट्स का ब्लड टेस्ट कराने के बाद ही दी जाती है। लेकिन किसी भी तरह के डेंगू में मरीज के शरीर में पानी की कमी नहीं आने देनी चाहिए। उसे खूब पानी और बाकी तरल पदार्थ (नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि) पिलाएं ताकि ब्लड गाढ़ा न हो और जमे नहीं। साथ ही, मरीज को पूरा आराम करना चाहिए। आराम भी डेंगू की दवा ही है।

आयुर्वेद

आयुवेर्द में इसकी कोई पेटेंट दवा नहीं है। लेकिन डेंगू न हो, इसके लिए यह नुस्खा अपना सकते हैं। एक कप पानी में एक चम्मच गिलोय का रस (अगर इसकी डंडी मिलती है तो चार इंच की डंडी लें। उस बेल से लें, जो नीम के पेड़ पर चढ़ी हो), दो काली मिर्च, तुलसी के पांच पत्ते और अदरक को मिलाकर पानी में उबालकर काढ़ा बनाए और 5 दिन तक लें। अगर चाहे तो इसमें थोड़ा–सा नमक और चीनी भी मिला सकते हैं। दिन में दो बार, सुबह नाश्ते के बाद और रात में डिनर से पहले लें।

बरतें एहतियात

- ठंडा पानी न पीएं, मैदा और बासी खाना न खाएं।
- खाने में हल्दी, अजवाइन, अदरक, हींग का ज्यादा–से–ज्यादा इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में पत्ते वाली सब्जियां, अरबी, फूलगोभी न खाएं।
- हल्का खाना खाएं, जो आसानी से पच सके।
- पूरी नींद लें, खूब पानी पीएं और पानी को उबालकर पीएं।
- मिर्च मसाले और तला हुआ खाना न खाएं, भूख से कम खाएं, पेट भर न खाएं।
- खूब पानी पीएं। छाछ, नारियल पानी, नीबू पानी आदि खूब पिएं।

बचाव भी इलाज

- बीमारी से बचने के लिए फिजिकली फिट, मेंटली स्ट्रॉन्ग और इमोशनली बैलेंस रहें।
- अच्छा खाएं, अच्छा पीएं और अच्छी नींद ले।
- नाक के अंदर की तरफ सरसों का तेल लगाकर रखें। इससे तेल की चिकनाहट बाहर से बैक्टीरिया को नाक के अंदर जाने से रोकती है।
- खाने में हल्दी का इस्तेमाल ज्यादा करें। सुबह आधा चम्मच हल्दी पानी के साथ या रात को आधा चम्मच हल्दी एक गिलास दूध या के साथ लें। लेकिन अगर आपको नजला, जुकाम या कफ आदि है तो दूध न लें। तब आप हल्दी को पानी के साथ ले सकते हैं।
- आठ–दस तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ मिलाकर लें या तुलसी के 10 पत्तों को पौने गिलास पानी में उबालें, जब वह आधा रह जाए तब उस पानी को पीएं।
- विटामिन–सी से भरपूर चीजों का ज्यादा सेवन करें जैसेः एक दिन में दो आंवले, संतरे या मौसमी ले सकते हैं। यह हमारे इम्यून सिस्टम को सही रखता है।

अपने आप न आजमाएं

अपनी मर्जी से कोई भी एंटी–बायोटिक या कोई और दवा न लें। अगर बुखार ज्यादा है तो डॉक्टर के पास जाएं और उसकी सलाह से ही दवाई ले।

इन दिनों के बुखार में सिर्फ पैरासिटामोल ले सकते हैं। एस्प्रिन बिल्कुल न लें क्योंकि अगर डेंगू है तो एस्प्रिन या ब्रूफिन आदि लेने से प्लेटलेट्स कम हो सकती हैं।

मामूली खांसी आदि होने पर भी अपने आप कोई दवाई न लें।

झोलाछाप डॉक्टरों के पास न जाएं। अक्सर ऐसे डॉक्टर बिना सोचे–समझे कोई भी दवाई दे देते हैं। DeÛmethasone(जेनरिक नाम) का इंजेक्शन और टैब्लेट तो बिल्कुल न लें। अक्सर झोलाछाप मरीजों को इसका इंजेक्शन और टैब्लेट दे देते हैं, जिससे मौत भी हो सकती है।

डेंगू से कैसे बचें


डेंगू से बचने के दो ही उपाय हैं। एडीज मच्छरों को पैदा होने से रोकना। एडीज मच्छरों के काटने से बचाव करना।

मच्छरों को पैदा होने से रोकने के उपाय

– घर या ऑफिस के आसपास पानी जमा न होने दें, गड्ढों को मिट्टी से भर दें, रुकी हुई नालियों को साफ करें।

– अगर पानी जमा होने से रोकना मुमकिन नहीं है तो उसमें पेट्रोल या केरोसिन ऑयल डालें।

– रूम कूलरों, फूलदानों का सारा पानी हफ्ते में एक बार और पक्षियों को दाना–पानी देने के बर्तन को रोज पूरी तरह से खाली करें, उन्हें सुखाएं और फिर भरें। घर में टूटे–फूटे डिब्बे, टायर, बर्तन, बोतलें आदि न रखें। अगर रखें तो उलटा करके रखें।



– डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए पानी की टंकी को अच्छी तरह बंद करके रखें।

– अगर मुमकिन हो तो खिड़कियों और दरवाजों पर महीन जाली लगवाकर मच्छरों को घर में आने से रोकें।

– मच्छरों को भगाने और मारने के लिए मच्छरनाशक क्रीम, स्प्रे, मैट्स, कॉइल्स आदि इस्तेमाल करें। गुग्गुल के धुएं से मच्छर भगाना अच्छा देसी उपाय है।

– घर के अंदर सभी जगहों में हफ्ते में एक बार मच्छरनाशक दवा का छिड़काव जरूर करें। यह दवाई फोटो–फ्रेम्स, पर्दों, कैलेंडरों आदि के पीछे और घर के स्टोर–रूम और सभी कोनों में जरूर छिड़कें। दवाई छिड़कते वक्त अपने मुंह और नाक पर कोई कपड़ा जरूर बांधें। साथ ही, खाने–पीने की सभी चीजों को ढककर रखें।

मच्छरों के काटने से बचाव

– ऐसे कपड़े पहने, जिससे शरीर का ज्यादा–से–ज्यादा हिस्सा ढका रहे। खासकर बच्चों के लिए यह सावधानी बहुत जरूरी है। बच्चों को मलेरिया सीजन में निक्कर व टी–शर्ट न पहनाएं।

– बच्चों को मच्छर भगाने की क्रीम लगाएं।

– रात को सोते समय मच्छरदानी लगाएं।

ध्यान दें

इन दिनों बुखार होने पर सिर्फ पैरासिटामोल (क्रोसिन, कैलपोल आदि) लें। एस्प्रिन (डिस्प्रिन, इकोस्प्रिन) या एनॉलजेसिक (ब्रूफिन, कॉम्बिफ्लेम आदि) बिल्कुल न लें। क्योंकि अगर डेंगू है तो एस्प्रिन या ब्रूफिन आदि लेने से प्लेटलेट्स कम हो सकती हैं और शरीर से ब्लीडिंग शुरू हो सकती है।

कई बार चौथे–पांचवें दिन बुखार कम होता है तो लगता है कि मरीज ठीक हो रहा है, जबकि ऐसे में अक्सर प्लेटलेट्स गिरने लगते हैं। बुखार कम होने के बाद भी एक–दो दिन में एक बार प्लेटलेट्स काउंट टेस्ट जरूर कराएं।

अगर किसी को डेंगू हो गया है तो उसे मच्छरदानी के अंदर रखें, ताकि मच्छर उसे काटकर दूसरों में बीमारी न फैलाएं।

20 का फॉर्म्युला

डेंगू में कुछ एक्सपर्ट 20 के फॉर्म्युला की बात करते हैं। अगर धड़कन यानी पल्स रेट 20 बढ़ जाए, ऊपर का ब्लड प्रेशर 20 कम हो जाए, ऊपर और नीचे के ब्लड प्रेशर का फर्क 20 से कम हो जाए, प्लैटलेट्स 20 हजार से कम रह जाएं, शरीर के एक इंच एरिया में 20 से ज्यादा दाने पड़ जाएं – इस तरह का कोई भी लक्षण नजर आए तो मरीज को अस्पताल में जरूर भर्ती करना चाहिए।


"If you have dreams, you need a Financial Plan"!



RAJENDER SINGH
AC, 134 Bn

At the outset, I want to ask you a simple question! "How many millionaires do you know who have become wealthy by investing in savings accounts" ? If your answer is no one, then you need a **Financial Plan – "A Road Map to Financial Security" !** In our organisation, we always talk about operations and administration but to be very frank we never talk about financial management. It is also an equally important aspect of life which needs to be taken care of. Financial Planning is one of the things that not many people think about. However, financial planning is important to do because it can make your life easier and the best time to review your financial situation is today! Though each individual's life situations are different, but the basic principles of financial planning are universally applicable regardless of the external environment. Financial Planning is the process of meeting your life goals through the proper money management and applying guiding principles to deal with our past, present and future finances.

- Our Past – because some of us may be carrying the baggage of yesterday's excesses that are costing us, our future and financial well being.
- Our Present – because now is the best time act and change course towards a better destination; and
- Our Future – because each one of us is entitled to have a better tomorrow.



